**दिनांक–25.10.2021 को अपराह्न 03.00 बजे माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड की अध्यक्षता में नेतरहाट विद्यालय समिति के सामान्य निकाय समिति की 11 वीं बैठक की कार्यवाही :–**

**01.** दिनांक–25.10.2021 को माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में नेतरहाट विद्यालय समिति के सामान्य निकाय समिति की 11वीं बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

| क्र. सं. | नाम | समिति में धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 01. | माननीय मंत्री,<br>स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार रांची। | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 02. | विकास आयुक्त, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | अनुपस्थित |
| 03. | सचिव,<br>स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | उपस्थित |
| 04. | श्री जटाशंकर चौधरी, (भा.प्र.से.) प्रमंडलीय आयुक्त, पलामू । | सदस्य | उपस्थित |
| 05. | उपायुक्त, लोहरदगा। | सदस्य | उपस्थित |
| 06. | उपायुक्त, लातेहार। | सदस्य | उपस्थित |
| 07. | निदेशक, (मा.शि.), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | विशेष आमंत्रित सदस्य | उपस्थित |
| 08. | वित्त विभाग के प्रतिनिधि (वित्त सचिव द्वारा मनोनती सदस्य)<br>वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची | सदस्य | उपस्थित |
| 09. | डॉ. संतोष कुमार सिंह<br>प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति। | सदस्य सचिव | उपस्थित |

**02. कार्यसूची की मद संख्या–01** : विगत 10 वीं बैठक दिनांक–26.09.2019 की कार्यवाही की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई।

**03. कार्यसूची की मद संख्या–02** : विगत 10 वीं बैठक दिनांक–26.09.2019 में लिये गये निर्णयों के संदर्भ में प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा समर्पित कृत अनुपालन प्रतिवेदन पर विचार–विमर्श किया गया; विमर्शोपरांत अनुपालन प्रतिवेदन की संपुष्टि की गई।

**04. कार्यसूची की मद संख्या–03** : नेतरहाट विद्यालय समिति के सामान्य निकाय तथा कार्यकारिणी समिति के पुर्नगठन के संदर्भ में निर्णय लिया गया कि वर्ष–2017 के आधार पर मनोनीत सदस्यों के मनोनयन हेतु विभागीय स्तर से विज्ञापन का प्रकाशन करा लिया जाय; तद्नुसार विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनों का स्क्रीनिंग भी वर्ष–2017 के अनुरुप कराते हुए पुनः सामान्य निकाय की आगामी बैठक में स्कूटनी रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाय। स्क्रीनिंग समिति में निम्न सदस्य होंगे :–

1. कुलपति रांची विश्वविद्यालय, रांची – अध्यक्ष
2. अध्यक्ष, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची – सदस्य
3. उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन – सदस्य
4. उप सचिव के स्तर के पदाधिकारी (शिक्षा विभाग द्वारा मनोनीत) – सदस्य सचिव
5. प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, सह–सदस्य सचिव, सामान्य निकाय, नेरतहाट विद्यालय समिति। – सदस्य

Singh 03/12/21

उक्त समिति प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रत्येक कोटि में पदवार अभ्यर्थियों का पैनल तैयार कर एक प्रतिवेदन के साथ अपना रिपोर्ट उपलब्ध करायेगी।

05. **कार्यसूची की मद संख्या-04** : नेतरहाट आवासीय विद्यालय के सभी आश्रमों, भवनों एवं प्रेक्षागृह के नव-निर्माण/जीर्णोद्धार हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, लातेहार के द्वारा मांग किए गए अतिरिक्त आवंटन के संदर्भ में प्राचार्य को निर्देश हुआ कि प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय। प्राचार्य को यह भी निर्देश हुआ कि कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार को पत्र के माध्यम से संसूचित किया जाय कि पूर्व के सभी लंबित योजनाओं का निष्पादन 31 मार्च, 2022 के पूर्व कराना सुनिश्चित करें। पूर्व में प्रदत प्रशासनिक स्वीकृति की राशि का भुगतान करते हुए नियमानुसार यदि आवश्यक हो तो सभी स्थापित प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए अतिरिक्त राशि की मांग निदेशक, मा.शि. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के स्तर से अधियाचना करें।

07. **कार्यसूची की मद संख्या-06** : नेतरहाट विद्यालय समिति नियमवाली-323, दिनांक-23.10.2009 के नियम-38 के आलोक में M/s Ashish Ranjan. Co (CA) द्वारा वितीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के वैधानिक अंकेक्षण प्रतिवेदन की संपुष्टि की गई।

08. **कार्यसूची की मद संख्या-07** : वित्तीय वर्ष 2021-22 का बजटीय प्राक्कलन जिसे दिनांक-15.12.2020 को प्राचार्य सह-सदस्य सचिव द्वारा विभाग को समर्पित किया था कि घटनोतर स्वीकृति दी गई।

09. **कार्यसूची की मद संख्या-08** : नेतरहाट विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों को सन् 1978 ई0 के प्रभाव से अनुमान्य 20% विशेष वेतन को पुनरीक्षित सप्तम वेतनमान के आधार पर भुगतान हेतु अनुशंसा की गई।

10. आन्यान्य : (i) प्राचार्य, सह-सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति को यह निदेश हुआ कि सामान्य निकाय की अगली बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 के अंकेक्षण प्रतिवेदन के आधार पर अग्रिम भुगतान की विवरणी तथा योजना मद की विस्तृत विवरणी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(ii) बैठक में उपस्थित माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, सह-अध्यक्ष, सामान्य निकाय एवं सभी सदस्यों के द्वारा इस बात का विचार-विमर्श किया गया कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पुराने गौरव गाथा को वर्तमान परिदृश्य में भी स्थापित किया जाना आवश्यक है। इसके लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि नेतरहाट विद्यालय समिति में शिक्षा जगत से जुड़े हुए लोगों को समिति में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाय; ताकि शैक्षणिक गतिविधियों का विकास एवं विद्यालय अपने पुराने गौरव को स्थापित करने में सफल हो सके।

(iii) बैठक में उपस्थित माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, सह-अध्यक्ष सामान्य निकाय, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा उपायुक्त, लातेहार को निर्देश दिए गए कि विद्यालय के अधीन सभी भू-खण्ड जो पुराने सर्वे में थे के अनुसार आक्कलन कराते हुए नये सर्वे रिपोर्ट में दर्ज कराकर एक अद्यतन रिपोर्ट विद्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

**धन्यवाद! माननीय अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।**

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह-सदस्य सचिव,
सामान्य निकाय समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति

(जगरनाथ महतो)
मंत्री
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
झारखण्ड सरकार
सह-अध्यक्ष, सामान्य निकाय समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति

# नेतरहाट विद्यालय समिति

(झारखंड सरकार–स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)

**सामान्य निकाय समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की, दिनांक–25.10.2021 को आहूत 11वीं बैठक की उपस्थितिः**

| क्र.सं. | नाम | सामान्य निकाय में धारित पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री जगरनाथ महतो, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | अध्यक्ष | |
| 2. | विकास आयुक्त, झारखण्ड सरकार,रांची। | उपाध्यक्ष | |
| 3. | सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | |
| 4. | प्रमंडलीय आयुक्त, पलामू। | सदस्य | |
| 5. | उपायुक्त, लोहरदगा। | सदस्य | |
| 6. | उपायुक्त, लातेहार। | सदस्य | |
| 7. | वित्त विभाग, के प्रतिनिधि (वित्त सचिव द्वारा मनोनीत सदस्य) वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | |
| 8. | डा. संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य–सचिव | |

ज्ञापांक : जी–59/ने.वि./प्रा./2021– 1664 नेतरहाट, दिनांक : 06.12.2021

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के आप्त सचिव/विकास आयुक्त, झारखण्ड सरकार–सह उपाध्यक्ष, नेतरहाट विद्यालय समिति/ सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, सह–सदस्य, नेतरहाट विद्यालय समिति/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, सह–सदस्य, नेतरहाट विद्यालय समिति/आयुक्त, पलामू, सह–सदस्य, नेतरहाट विद्यालय समिति/उपायुक्त, लोहरदगा, सह–सदस्य, नेतरहाट विद्यालय समिति/ उपायुक्त, लातेहार, सह–सदस्य, नेतरहाट विद्यालय समिति/वित्त विभाग के प्रतिनिधि (प्रधान सचिव, वित्त विभाग द्वारा मनोनीत) सह–सदस्य, नेतरहाट विद्यालय समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Singh 06/12/21

(डॉ० संतोष कुमार सिंह)
प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव
सामान्य निकाय
नेतरहाट विद्यालय समिति
नेतरहाट